आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
सोमवार 19.05.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 16वें वित्त आयोग की बैठक में प्रदेश की वित्तीय परिस्थितियों और चुनौतियों पर राज्य का पक्ष रखा।
- देशभर में 29 मई से विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा।
- वन विभाग ने हल्द्वानी में राज्य का पहला साइकैड उद्यान स्थापित किया।
- चम्पावत जिले में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

16वें वित्त आयोग बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया व अन्य सदस्यों के साथ बैठक में प्रदेश की वित्तीय परिस्थितियों, चुनौतियों और विकास आवश्यकताओं पर विस्तार से राज्य का पक्ष रखा। मुख्यमंत्री ने ''इनवॉयरमेंटल फेडरलिज्म'' की भावना के अनुरूप उपयुक्त क्षतिपूर्ति दिये जाने, ''कर–हस्तांतरण'' में वन आच्छादन के लिए निर्धारित भार को 20 प्रतिशत तक बढ़ाये जाने और राज्य में वनों के उचित प्रबंधन और संरक्षण के लिए विशेष अनुदान दिये जाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड प्राकृतिक आपदाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील राज्य है। इन आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने और राहत व पुनर्वास कार्यों के लिए राज्य को सतत् आर्थिक सहयोग की आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा को राष्ट्रीय नदी घोषित किए जाने के फलस्वरूप लागू होने वाले नियमों के कारण उत्तराखंड में जल विद्युत उत्पादन की संभावनाएं सीमित हो गई हैं। जल विद्युत क्षेत्र, विभिन्न कारणों से आर्थिकी में अपेक्षित योगदान नहीं दे पा रहा है, जिससे राजस्व के साथ–साथ रोजगार के क्षेत्र में भी भारी क्षति हो रही है। उन्होंने प्रभावित परियोजनाओं की क्षतिपूर्ति की राशि और संबंधित मैकेनिज्म निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने बैठक में राज्य की विशिष्ट भौगोलिक और सामाजिक परिस्थितियों के संबंध में राज्य का पक्ष रखा

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य हर क्षेत्र में तेजी विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत जिन चुनौतियों का सामना उत्तराखण्ड समेत अन्य पर्वतीय राज्य कर रहे हैं, उनके समाधान के लिए व्यापक स्तर पर विचार विमर्श किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा इस साल 31 अक्टूबर तक अपनी रिपोर्ट केन्द्र सरकार को उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

विकसित भारत संकल्प अभियान

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया जाएगा। यह अभियान इस महीने की 29 तारीख से शुरू होगा और 12 जून तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य किसानों को कृषि संबंधी उन्नत तकनीकों और बीजों के बारे में जानकारी प्रदान कराना है। नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री सिंह ने कहा देशभर के 723 जिलों में यह अभियान चलाया जाएगा और इससे लगभग डेढ़ करोड़ किसान लाभान्वित होंगे।

कृषि मंत्री बैठक

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद व केंद्रीय कृषि मंत्रालय की ओर से आयोजित बैठक में प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी, वर्चुअली शामिल हुए। बैठक में देशभर के सभी राज्यों के कृषि मंत्रियों ने वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। बैठक में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की रणनीति और क्रियान्वयन को लेकर सभी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर चर्चा की गई। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड में भी इस अभियान को पूरी सक्रियता के साथ चलाया जाएगा, ताकि राज्य के अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अभियान की अवधि बढ़ाने का सुझाव केंद्रीय मंत्री को दिया। श्री जोशी ने 'घेरबाड़ योजना' में केंद्र सरकार से सहयोग की भी मांग की, ताकि पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि को संरक्षित और सशक्त बनाया जा सके।

रेखा आर्या पत्र

राष्ट्रीय खेल दिवस पर राज्य के पहले खेल विश्वविद्यालय का शिलान्यास सुनिश्चित करने के लिए खेल मंत्री रेखा आर्या ने मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। हल्द्वानी के गौलापार खेल परिसर में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना की जानी है, लेकिन इसमें कुछ बिंदुओं पर राज्य सरकार के प्रस्ताव पर वन विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय ने आपत्ति जताई है। श्रीमती आर्या ने पत्र में मुख्य सचिव से कहा है कि वे अपनी देख–रेख में वन विभाग के राज्य और केंद्र के अधिकारियों की बैठक जल्द से जल्द आयोजित करें और इन आपत्तियों को

निस्तारित कराएं। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त से पहले सभी औपचारिकताएं पूरी करने को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए।

इसके अलावा खेल मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी देने और पदक विजेताओं को नगद इनाम धनराशि दिए जाने के मामलों में भी त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

<u>साइकैड उद्यान</u>

वन विभाग ने हल्द्वानी में राज्य का पहला साइकैड उद्यान स्थापित किया है। यह उद्यान जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी के वित्तीय सहयोग से दो एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित किया गया है। यह उत्तर भारत में इस प्रकार का दूसरा साइकैड संरक्षण उद्यान है। इससे पहले इस प्रकार का उद्यान, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा लखनऊ में स्थापित किया गया है।

उद्यान में साइकैड्स की 31 प्रजातियाँ संरक्षित की गई हैं, जिनमें से 17 प्रजातियां संकटाग्रस्त हैं। इनमें से 9 प्रजातियां भारत की देशज प्रजातियाँ हैं। भारत में साइकैड की कुल 14 प्रजातियां पाई जाती हैं। उद्यान में भारत की कुछ प्रमुख साइकैड प्रजातियाँ– साइकस एंडमानिका, साइकस बेडोमी, साइकस ज़ेलेनिका, साइकस पेक्टिनाटा और साइकस सिरसनलिस शामिल हैं।

मुख्य वन संरक्षक, अनुसंधान, संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि साइकैड्स पृथ्वी पर सबसे अधिक संकटग्रस्त पौधों के समूहों में से एक हैं और ये मेसोज़ोइक युग से इस ग्रह पर मौजूद हैं। इस उद्यान की स्थापना का मुख्य उद्देश्य साइकैड्स प्रजातियों के संरक्षण और पौधों के विकास क्रम और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर अध्ययन करना है।

साइकैड्स को जीवित जीवाश्म माना जाता है और इसका उपयोग मानवों द्वारा खाद्य, औषधीय और सांस्कृतिक उद्देश्यों सहित विभिन्न कार्यों के लिए किया जाता है।

<u>मेधावी छात्र सम्मान</u>

चम्पावत जिले में उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिला मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और गणमान्य लोगों ने प्रदेश में वरीयता सूची में स्थान पाने वाले व जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को नगद धनराशि व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। छात्र सम्मान कार्यक्रम में

आये मेधावी छात्र सागर पाण्डेय ने बताया कि उन्होंने इस वर्ष की हाईस्कूल परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की वरीयता सूची में छठा स्थान प्राप्त किया। उनका लक्ष्य सिविल सेवा परीक्षा पास करना है। बोर्ड परीक्षाओं में जिले से 13 छात्र–छात्राओं ने प्रदेश की वरीयता सूची में स्थान पाया था।

<u>समारोह गूंज</u>

पौड़ी गढ़वाल के जी.बी. पंत अभियांत्रिकी एवं प्रद्योगिकी संस्थान, घुड़दौड़ी का वार्षिक सांस्कृतिक समारोह गूंज का समापन हो गया। दो दिवसीय समारोह के समापन अवसर पर हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह रौथाण ने कहा कि संस्थान का यह वार्षिक सांस्कृतिक समारोह छात्र–छात्राओं की कलात्मक प्रतिभा को उभारने में भी कारगर साबित होता है। उन्होंने कहा कि यह संस्थान प्रदेश ही नहीं देश में भी अग्रणी है।

छात्रा दीपांशा आर्य ने कहा कि इस समारोह में उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों की संस्कृतियों को प्रस्तुत करने की कोशिश की।